**7.5 भूमिदाता कोटा के अन्तर्गत आरक्षित सीटें :**

भूमिदाता कोटा के अन्तर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मढ़ौरा(सारण) के प्रत्येक व्यवसाय में प्रवेश सत्र 2025-2026 एवं 2025-2027 में नामांकन हेतु एक-एक सीट आरक्षित है, जो उस संस्थान के सम्बन्धित व्यवसाय की सामान्य कोटि के लिए आवंटित सीटों में शामिल है।

सक्षम भूमिदाता के द्वारा चयनित अभ्यर्थी का पूर्ण विवरण सहित तत्सम्बन्धी प्रमाण-पत्र श्रम, संसाधन विभाग, बिहार सरकार को प्राप्त होने पर विभाग द्वारा संगत नामांकन की अनुकूल कार्रवाई की जा सकेगी, बशर्त्ते अभ्यर्थी विवरण-पुस्तिका की शैक्षणिक एवं आवासीय अर्हत्तायें पूरी करता हो।

**8. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा : प्रश्न पत्र / परीक्षा स्तर।**

**8.1** प्रश्न पत्र अंग्रेजी और हिन्दी में रहेंगे । सभी प्रश्न वस्तुपरक (Objective) होंगे तथा परीक्षार्थी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) पर निर्देशानुसार देंगे। सम्बन्धित निदेश अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन हेतु परिशिष्ट-2 पर उपलब्ध है। वास्तविक प्रश्नों की संख्या नमूने के उत्तर पत्रक में दिये गये प्रश्नों की संख्या से भिन्न हो सकती है।

**8.2** परीक्षा के क्रम एवं अवधि में प्रश्न-पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक पर अंकित सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। उत्तर पत्रक की पीठ पर दिये गये गद्यांश को नीले / काले 'बॉल प्वाइंट' कलम से अपनी हस्तलिपि में पूर्ण रुप से लिखकर अपना पूरा हस्ताक्षर हिन्दी तथा अंग्रेजी में निर्धारित स्थल पर करना अत्यावश्यक है अन्यथा उनके उत्तर पत्रक को रद्द कर दिया जायेगा।

**8.3 प्रश्न पत्र / परीक्षा की अवधि / परीक्षा स्तर :**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के लिए एक ही वस्तुपरक प्रश्न पत्र होगा। परीक्षा की अवधि, पूर्णांक, विषय तथा परीक्षा स्तर निम्नलिखित हैं -

**अवधि 2 घंटा 15 मिनट  पूर्णांक 300**

| विषय | प्रश्न संख्या | पूर्णांक | परीक्षा स्तर |
|---|---|---|---|
| गणित | 50 | 100 | माध्यमिक |
| सामान्य विज्ञान | 50 | 100 | माध्यमिक |
| सामान्य ज्ञान | 50 | 100 | माध्यमिक |
| | ----- | ---- | |
| | **150** | **300** | |

प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक मिलेंगे। गलत उत्तर के लिए अंक की कटौती नहीं होगी।

**9. मेधा सूची :**

**9.1(क)** निर्धारित प्रश्न पत्र के कुल प्राप्तांको के आधार पर प्रत्येक जिला में स्थित सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान / संस्थानों में नामांकन हेतु चयन के लिये पात्रता-प्राप्त आवेदकों की कोटिवार एक ही मेधा सूचियाँ बनाई जायेंगी। प्रत्येक जिला के लिये इस प्रकार बनाई गई मेधा सूचियों से उस जिला में स्थित संस्थानों की व्यावसायिक पाठ्यक्रमवार / कोटिवार उपलब्ध सीटों को पात्रता-प्राप्त आवेदकों द्वारा मेधा-सह-विकल्प के आधार पर उस जिले के संस्थानों की सीटें भरी जायेंगी।

**(ख) निर्धारित प्रश्न पत्र के कुल प्राप्तांकों के आधार पर सभी महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिये पात्रता-प्राप्त महिला आवेदकों की कोटिवार पूरे बिहार के लिये एक ही मेधासूची बनाई जायेगी। इस प्रकार बनाई गई मेधासूची से सभी महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की व्यावसायिक पाठ्यक्रमवार / कोटिवार उपलब्ध सीटों को पात्रता-प्राप्त आवेदकों द्वारा मेधा-सह-विकल्प के आधार पर भरा जायेगा।**

**9.2 यदि दो या दो से अधिक परीक्षार्थियों के कुल प्राप्तांक समान हों तो उनका मेधाक्रम निम्नलिखित के अनुसार निर्धारित किया जायेगा:**

| क्रम | स्तर क्रम | मेधाक्रम |
|---|---|---|
| 1. | प्राप्तांकों का जोड़ समान होने पर | गणित खंड में कुल प्राप्तांक के अनुसार |
| 2. | स्तर (1) समान होने पर | सामान्य विज्ञान खंड के कुल प्राप्तांक के अनुसार |
| 3. | स्तर (2) समान होने पर | जिसकी जन्म-तिथि पहले हो |

**9.3** मेधा सूची/ परीक्षाफल तैयार करने में टंकण में या कम्प्यूटर से किसी प्रकार की गलती होने से नामांकन का दावा नहीं किया जा सकेगा।

**10. आवेदन पत्र, विवरण पुस्तिका तथा परीक्षा शुल्क :**

**10.1 आवेदन प्रपत्र, विवरण पुस्तिका एवं परीक्षा शुल्क :** ITICAT-2025 में सम्मिलित होनेवाले अभ्यर्थी विवरण पुस्तिका (Prospectus) पर्षद के Website: bceceboard.bihar.gov.in से Download कर प्राप्त कर सकते हैं। Online आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी पर्षद के उक्त वेबसाईट पर जा कर "**Online Application Portal of I.T.I.C.A.T.-2025**" Link पर Click कर "Apply Online for ITICAT-2025" button पर click करें। इसके उपरान्त आवेदन प्रपत्र भरने हेतु जो निर्देश (Instruction) दिखेगा, उसे अभ्यर्थी अच्छी तरह पढ़ एवं समझ लें।

**i. <u>Step-One (Registration) :</u>**

इस परीक्षा हेतु Registration (निबंधन) के लिए सारी सूचनाएँ (Information) Step-One के अंतर्गत कम्प्यूटर के स्क्रीन पर दिखने वाले आवेदन प्रपत्र में सही-सही अभ्यर्थी को भरना होगा। अभ्यर्थी Registration करते समय यह ध्यान रखें कि वे केवल अपना या अपने पिता / माता का ही email पता एवं Mobile No. का इस्तेमाल कर रहें हों, क्योंकि Registration से संबंधित सभी सूचनाएं उसी email पता एवं Mobile No. पर भेजा जाएगा।